भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 5320**

उत्तर देने की तारीख 5 अप्रैल, 2022

15 चैत्र, 1944 (शक)

# खेल अवसंरचना हेतु निधि

**5320. श्री मनोज कोटक:**

**डॉ. आलोक कुमार सुमन:**

**श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान खेल के बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण सुविधाओं के विकास के लिए महाराष्ट्र और बिहार राज्य को निधि आबंटित की है;

(ख) यदि हां, तो आवंटित और उपयोग की गई निधि का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को बिहार और महाराष्ट्र राज्यों से भारतीय खेल प्राधिकरण और राष्ट्रीय खेल अकादमी के क्षेत्रीय केंद्र खोलने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा मुंबई, नागपुर और महाराष्ट्र तथा बिहार के विभिन्न जिलों में भारतीय खेल प्राधिकरण और राष्ट्रीय खेल अकादमी के क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)**

(क) से (घ) : जी हां । खेलो इंडिया स्कीम के घटक "खेल अवसंरचना का उपयोग और निर्माण/उन्नयन" घटक के तहत, इस मंत्रालय ने महाराष्ट्र राज्य में (12) और बिहार राज्य में (11) विभिन्न 23 खेल अवसंरचना परियोजनाओं को संस्वीकृति प्रदान की है । इन परियोजनाओं का विवरण अनुबंध में दिया गया है । इसके अलावा, खेलो इंडिया स्कीम के तहत महाराष्ट्र राज्य में 28 खेल अकादमियों को मान्यता दी गई है, और शिवछत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बालेवाड़ी, पुणे में एक खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) और 44 जिला-स्तरीय खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) को संस्वीकृत किया गया है । ये सभी

परियोजनाएं और केन्द्र संबंधित राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर संस्वीकृत किए गए हैं । इसके अलावा, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) का पहले से ही मुंबई, महाराष्ट्र में एक क्षेत्रीय केंद्र और बिहार में, पटना, किशनगंज और गिद्दौर में तीन साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) हैं ।

****

खेल अवसंरचना हेतु निधि, के संबंध में श्री मनोज कोटक, डॉ. आलोक कुमार सुमन और श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे माननीय संसद सदस्यों, लोक सभा द्वारा दिनांक 05.04.2022 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5320 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

**खेलो इंडिया स्कीम के तहत बिहार और महाराष्ट्र राज्यों में संस्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं का विवरण**

(करोड़ रु.)

| क्र.सं. | अनुदानग्राही का नाम | परियोजना का नाम | संस्वीकृति की तारीख | संस्वीकृत की गई धनराशि | जारी की गई धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बिहार | | | |
| **1.** | बिहार राज्य खेल प्राधिकरण | जिला नवादा में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण | **18-12-2020** | **4.50** | **1.70** |
| **2.** | बिहार राज्य खेल प्राधिकरण | रंगभूमि मैदान, पूर्णिया विश्वविद्यालय, जिला पूर्णिया में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाना | **18-12-2020** | **7.00** | **3.50** |
| **3.** | बिहार राज्य खेल प्राधिकरण | तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय परिसर, जिला भागलपुर में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण | **18-12-2020** | **4.50** | **1.70** |
| **4.** | बिहार राज्य खेल प्राधिकरण | वनस्पति विज्ञान परिसर में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, जिला मुजफ्फरपुर | **18-12-2020** | **4.50** | **1.70** |
| **5.** | बिहार राज्य खेल प्राधिकरण | जेपी विश्वविद्यालय, छपरा, राहुल सांकृतायण नगर, छपरा, जिला सारण में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण | **18-12-2020** | **4.50** | **0.00** |
| **6.** | बिहार राज्य खेल प्राधिकरण | जेपी विश्वविद्यालय, छपरा, राहुल सांकृतायण नगर, छपरा, जिला सारण में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाना | **18-12-2020** | **6.99** | **3.50** |

| क्र.सं. | अनुदानग्राही का नाम | परियोजना का नाम | संस्वीकृति की तारीख | संस्वीकृत की गई धनराशि | जारी की गई धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| **7.** | बिहार राज्य खेल प्राधिकरण | सैदपुर परिसर, पटना विश्वविद्यालय, पटना, जिला सारण में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण | **18-12-2020** | **4.50** | **1.70** |
| **8.** | बिहार राज्य खेल प्राधिकरण | सैदपुर परिसर में स्विमिंग पूल का निर्माण, पटना विश्वविद्यालय, पटना, जिला सारण | **18-12-2020** | **5.00** | **2.50** |
| **9.** | बिहार राज्य खेल प्राधिकरण | वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा, जिला भोजपुर के न्यू कैंपस में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण | **18-12-2020** | **4.50** | **1.70** |
| **10.** | बिहार राज्य खेल प्राधिकरण | बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर परिसर, जिला भागलपुर में स्विमिंग पूल का निर्माण | **18-12-2020** | **5.00** | **2.50** |
| **11.** | बिहार राज्य खेल प्राधिकरण | जिला सारण में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण | **09-04-2021** | **4.50** | **0.00** |
| | | महाराष्ट्र | | | |
| **1.** | भारतीय खेल प्राधिकरण | साई पश्चिमी प्रशिक्षण केंद्र, जिला औरंगाबाद में स्विमिंग पूल का निर्माण | **01-03-2017** | **5.00** | **5.00** |
| **2.** | भारतीय खेल प्राधिकरण | साई क्षेत्रीय केंद्र, जिला मुंबई में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण | **24-05-2017** | **8.00** | **7.00** |
| **3.** | नगर परिषद, कटोल जिला, नागपुर | नगर परिषद, कटोल जिला नागपुर में ओलंपिक स्विमिंग पार्किंग ग्राउंड का उन्नयन | **24-07-2018** | **5.00** | **4.75** |
| **4.** | निदेशक, खेल और युवा सेवाएं, महाराष्ट्र राज्य, पुणे | शिवछत्रपति क्रीड़ापीठ खेल परिसर, जिला पुणे में सिंथेटिक हॉकी टर्फ का उन्नयन | **30-11-2018** | **5.50** | **5.50** |
| **5.** | निदेशक, खेल और युवा सेवाएं, महाराष्ट्र राज्य, पुणे | शिवछत्रपति क्रीड़ापीठ खेल परिसर, जिला पुणे में शूटिंग रेंज का उन्नयन | **30-11-2018** | **7.37** | **7.37** |

| क्र.सं. | अनुदानग्राही का नाम | परियोजना का नाम | संस्वीकृति की तारीख | संस्वीकृत की गई धनराशि | जारी की गई धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| **6.** | नासिक नगर निगम | जिला नासिक नगर निगम में खेल के बुनियादी ढांचे की सुविधाओं जैसे बैठने की गैलरी, बास्केटबॉल मैदान, लॉन टेनिस कोर्ट और सहायक अकादमियों और प्रशिक्षण केंद्र/ छात्रावास का निर्माण | **20-12-2018** | **6.00** | **3.00** |
| **7.** | भारतीय खेल प्राधिकरण | एएसआई जिला पुणे में **300** बिस्तर **(**ट्रिपल ऑक्यूपेंसी**)** छात्रावास का निर्माण | **24-09-2019** | **26.77** | **8.03** |
| **8.** | भारतीय खेल प्राधिकरण | साई एसटीसी, जिला औरंगाबाद में **300** बिस्तरों वाले **(**ट्रिपल ऑक्यूपेंसी**)** छात्रावास का निर्माण | **24-09-2019** | **26.77** | **13.91** |
| **9.** | कोल्हापुर नगर निगम | मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम, जिला कोल्हापुर में सिंथेटिक हॉकी टर्फ बिछाना | **13-12-2019** | **5.50** | **2.50** |
| **10.** | जिला खेल परिसर समिति, अमरावती | सांता गगदेबाबा अमरावती विश्वविद्यालय, जिला अमरावती के सामने उन्नत तीरंदाजी रेंज का निर्माण और उपकरण खरीद | **29-04-2020** | **1.39** | **0.70** |
| **11.** | सोलापुर विश्वविद्यालय | सोलापुर विश्वविद्यालय, जिला सोलापुर में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण | **23-10-2020** | **4.50** | **0.00** |
| **12.** | भारतीय खेल प्राधिकरण | नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, जिला औरंगाबाद में फेंसिंग हॉल का निर्माण | **23-02-2022** | **2.00** | **0.00** |

****